# ट्रेड शो में आ सकती हैं उद्योग प्रोत्साहन की नई योजनाएं

- वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम हो सकते हैं लॉन्च
- निर्यात बढ़ाने की दिशा में हो सकती है कवायद

लखनऊ, विशेष संवाददाता। नोएडा में सितंबर में होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक ताकत का भव्य प्रदर्शन होगा। सरकार की ओर से कई नई स्कीम्स और नीतियों को भी यहां पर लॉन्च किया जा सकता है, ताकि निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पेश किया जा सके।

पूरी संभावना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के मंच से सरकार नई उद्योग प्रोत्साहन योजनाएं, एमएसएमई वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स को लॉन्च कर सकती है। इसके साथ ही उद्यमियों के लिए इनोवेशन सपोर्ट, महिला उद्यमिता प्रोत्साहन और स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं के विषय में भी घोषणा हो सकती है। निर्यात बढ़ाने के प्रयास हो सकते हैं।